देर रात कलेक्टर, एसपी डटे दौलतपुर में

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 30 अप्रैल. आमजनों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करने और शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ हितग्राहियों को तत्परता से मिले इस उद्देश्य से कलेक्टर

रात्रिकालीन चौपाल में वरिष्ठ अधिकारियों ने सुनी समस्याएं, किया निराकरण

श्रीमती रुचिका चौहान गुरुवार को रात्रिकालीन चौपाल के माध्यम से भितरवार विकासखंड के ग्राम दौलतपुर पहुँचीं और गाँव के मध्य में ग्रामीणों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं को सुना और शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी भी दी।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ग्रामीणों से रूबरू होकर रात्रिकालीन चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर मिले, इसके लिये ग्राम दौलतपुर पहुँचीं। उनके साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री सोजान सिंह रावत, एडिशनल एसपी श्री जयराज कुबेर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री राजीव समाधिया सहित जिले के विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी साथ थे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि सभी लोग शांति और सदभाव के साथ रहें, पुलिस उनकी सुरक्षा के लिये तैनात है। किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या हो एवं कोई भी जानकारी आपको मिलती है तो तत्काल पुलिस का सहयोग करें। पुलिस आपकी सहायता के लिये तत्पतर है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री सोजान सिंह रावत ने भी ग्रामीणों को शासन की योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

सेवादार ने आगे आकर सेवा के लिये बढ़ाया हाथ

रात्रिकालीन चौपाल में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के समक्ष कु. माया जाटव जिसके पिता का निधन कोरोना काल में हो गया था। उसके मकान की पक्की छत बनाने का पुनीत कार्य गाँव के एक सिख भाई श्री सेवादार सिंह ने अपने खर्च से बनाने का आशवासन दिया। श्री सेवादार सिंह ने कहा कि इस पुनीत कार्य में मैं आवश्यक सहयोग करूंगा। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने श्री सेवादार सिंह द्वारा आगे आकर गाँव की बेटी का जो सहयोग किया है, उसकी प्रशंसा की।

नगर निगम आयुक्त का सख्त रुख विकास कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 30 अप्रैल। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों और ठेकेदारों को स्पष्ट संदेश दिया कि कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए और कार्यों की प्रगति पर असंतोष भी जताया।

निगमायुक्त ने सबसे पहले गोले के मंदिर पर निगम द्वारा बनाये जा रहे कन्वेंशन सेंटर का जायजा लिया। यहां निर्माण कार्यों में देरी पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित ठेकेदार एवं सहायक यंत्री अमित गुप्ता को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि कार्य में लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इसके पश्चात निगमायुक्त ने सचिन तेंदुलकर मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क को बारिश से पहले मोटरेबल बनाया जाए, ताकि आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और गति दोनों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर स्मार्ट सिटी की ओर से अनिल चौहान सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

इसके बाद निगमायुक्त संघ प्रिय ने सिरोल स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रोजेक्ट पर पहुंचे। यहां उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मई माह के दूसरे पखवाड़े तक आवासों की रजिस्ट्री प्रक्रिया पूर्ण कराई जाए, ताकि हितग्राहियों को समय पर मकानों का लाभ मिल सके। साथ ही उन्होंने परियोजना में निर्मित दुकानों की रजिस्ट्री भी शीघ्र कराने के निर्देश दिए। साथ ही आवास सेक्टर में विद्युत कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस दौरान नोडल मनीष यादव, सहायक यंत्री रामबाबू दिनकर एवं संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों का किया सम्मान, दी विदाई

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 30 अप्रैल. निगम सेवा से आज सेवानिवृत्त हुए कार्यालय अधीक्षक सामान्य प्रशासन विभाग संतोष कालेकर को निगमायुक्त संघ प्रिय ने शॉल श्रीफल प्रदान कर निगम सेवा से विदाई दी एवं आगामी भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह लगातार अपने सरल एवं सहज स्वभाव के साथ कार्य करें। इस अवसर पर अपर आयुक्त मुनीष सिंह सिकरवार सहित सामान्य प्रशासन विभाग, कम्प्यूटर सेक्शन एवं नगर निगम के अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही जल विहार स्थित परिषद सभागार से 8 अन्य कर्मचारियों को निगम सेवा सेवानिवृत्त किया गया। निगम सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों को शाल, श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा कर्मचारियों के पीएफ की राशि बैंक खाते में पंहुचाई गई। इस अवसर सचिव बृजेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। जलविहार स्थित सभा भवन में आयोजित सेवानिवृत कर्मचारियों के विदाई समारोह में सेवा निवृत्त हुए सा.प्र.विभाग संतोष कालेकर, स्वा. विभाग से राकेश करोसिया, सा.प्र. विभाग से राकेश करोलिया, स्वास्थ्य विभाग से सफाई संरक्षक फूलवती/ लखनलाल, लक्ष्मन/ गुल्ला, नारायणी/ सुरेश, लक्ष्मी/देवीदास, लीला/ धर्मलाल, मुन्नी बाई आदि शामिल हैं।

9 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 30 अप्रैल. स्थानीय पुलिस कंट्रोल रूम के सभागार में आज एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए 9 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में एसएसपी सिंह ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों की ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त होने के बावजूद इनकी सेवाएँ, अनुभव और अनुशासन हमेशा समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। इस मौके पर उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजनों के त्याग और सहयोग को भी याद किया, जिन्होंने हर परिस्थिति में उनका साथ निभाया।

सामाजिक कार्यों में व्यस्त रहने की दी सलाह- एसएसपी धर्मवीर सिंह ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों से उनके भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की और उन्हें सामाजिक कार्यों में स्वयं को व्यस्त रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इस बदलाव से उन्हें लंबी व्यस्त दिनचर्या के बाद सामान्य जीवन में ढलने में मदद मिलेगी ।कार्यक्रम के समापन पर एसएसपी धर्मवीर सिंह ने सेवानिवृत्त हुए सभी पुलिसकर्मियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

समारोह में इनकी रही उपस्थिति

इस विदाई समारोह में डीएसपी मुख्यालय रोबिन जैन, रक्षित निरीक्षक , रणजीत सिंह, सूबेदार सोनम पाराशर सहित अन्य कार्यालयीन स्टाफ एवं सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी व उनके परिजन उपस्थित रहे।

विदाई समारोह में ये पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए

निरीक्षक: रशीद खान, उनि: रतीराम चाकौटिया, सउनि: बलवीर सिंह, सउनि: रामदयाल मिर्धा, सउनि: शहजाद खान, सउनि: गिरीश नारायण, सउनि: दयानन्द मिश्रा, प्रआर: रामाधार तिवारी, प्रआर (ट्रेड): नन्द किशोर

शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 30 अप्रैल. शहर के महिला थाना क्षेत्र में एक ऐसा सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां सहेली के भाई ने शादी का झांसा देकर एक युवती से दुष्कर्म किया। बाद में जब युवती की शादी हो गई, तब भी आरोपी ने उसका शोषण करना जारी रखा। इतना ही नहीं, आरोपी ने पीड़िता के पति को दोनों के संबंधों की जानकारी और फोटो भेज दिए, जिससे नाराज होकर पति ने उसे छोड़ दिया। अब जब पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया, तो आरोपी मुकर गया और जान से मारने की धमकी देने लगा। गेंडे वाली सड़क निवासी 26 वर्षीय पीड़िता की पहचान वर्ष 2025 में मुश्फिक हुसैन (निवासी तेली की बजरिया) से हुई थी, जो उसकी सहेली का भाई है। आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर गलत संबंध बनाए। शादी के बाद भी शोषण: पीड़िता की शादी हो जाने के बाद भी आरोपी उसका लगातार शोषण करता रहा। आरोपी मुश्फिक ने पीड़िता के पति को उनके संबंधों की जानकारी दी और फोटो भी भेजे। इसके बाद पति ने उसे छोड़ दिया और पीड़िता अपने मायके में रहने लगी। मायके में रहने के दौरान भी आरोपी शादी का झांसा देकर गलत काम करता रहा। दबाव बनाने पर आरोपी ने पीड़िता और उसके भाई को जान से मारने की धमकी दी।

NAME CHANGE

I, am **LAXMI DEVI DHANUK** w/o **SHRI RAMSAHAY** residing at shitla colony, Haiderganj Lashkar Gwalior- pin 474001 Declare that I have Changed my name From **LAXMI DEVI DHANUK** to **RAM DHAKELI BAI.** vide Affidavit dated 30/04/26.

नाम परिवर्तन सूचना

मैं राजकुमार सिंह राजावत पुत्र स्व. श्री श्यामपाल सिंह राजावत, निवासी- न्यू नर्सिंग नगर, गली नं. 1, ग्वालियर। मैं शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हूँ कि मेरा पूर्व में नाम राजकुमार सिंह था, जबकि मेरे सभी दस्तावेजों में राजकुमार सिंह राजावत नाम अंकित है। इस प्रकार राजकुमार सिंह एवं राजकुमार सिंह राजावत उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं, जो कि सत्य एवं सही है। अब भविष्य में शपथकर्ता राजकुमार सिंह राजावत के नाम से जाना व पहचाना जावे, जिसकी सत्यता में शपथकर्ता का शपथ पत्र BX 339661 प्रस्तुत है।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती आशा यादव, पत्नी श्री राजेन्द्र यादव, निवासी जड़ेरूआ कला, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.) द्वारा अपने स्वत्व स्वामित्व एवं अधिपत्य की अचल संपत्ति, जो सर्वे क्रमांक 687 के भाग में स्थित भवन जड़ेरूआ कला, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.) में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 1010 वर्ग फुट (93.86 वर्गमीटर) है, व जिसकी चतुर सीमाऐं - पूर्व में : भवन मीनू जैन एवं बोहरा जी पश्चिम में : भवन रूप सिंह उत्तर में : भवन दीगर दक्षिण में : रास्ता एवं मकान शुक्ला जी है को विक्रय पत्र क्रमांक **MP21425920 24A11313577** दिनांक 08.11.2024 को अशोक शर्मा, श्री गौतम प्रसाद शर्मा, भगवती प्रसाद शर्मा एवं रविन्द्र कुमार शर्मा पुत्रगण स्व. श्री रामस्वरूप शर्मा से क्रय किया गया था। उक्त भवन को मेरे पक्षकार बैंक मध्य प्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, शाखा लश्कर, ग्वालियर द्वारा शाखा प्रबंधक के हित में बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया जा रहा है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति में किसी बैंक, संस्था, निकाय या व्यक्ति के हित निहित हो या बंधक निष्पादन में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर मेरी पक्षकार बैंक या मेरे समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें। विहित समय उपरांत बंधक मेरे पक्षकार के हित में हो जाने पर की गई कोई भी आपत्ति कतई स्वीकार योग्य न होकर निरर्थक अर्थहीन त्याग दी गई समझी जाकर शून्य होगी तथा मेरे पक्षकार के विरूद्ध कतई बंधकारी नहीं होगी तदनुसार सूचित हो। दिनांक 30.04.2026

प्रेषक: **योगेन्द्र प्रताप सिंह (एडवोकेट)**
कार्यालय: 25, अनुपम नगर, सिटी सेन्टर ग्वालियर (म.प्र.) मोबा: 9826342546

लीनेस क्लब ने लिया हरियाली और सेवा का संकल्प

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 30 अप्रैल. लीनेस क्लब ग्वालियर मेन द्वारा 'चार्टर डे' का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने जहाँ एक ओर अपनी उपलब्धियों का जश्न मनाया, वहीं दूसरी ओर पर्यावरण संरक्षण और समाज सेवा का संकल्प भी दोहराया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वाति जैन रहीं। समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात सुशीला तनुजा ने गरिमामय ध्वज वंदना का वाचन किया। पूर्व ऑल इंडिया अध्यक्ष डॉ. आशा माथुर ने 'ऑल इंडिया गीत' प्रस्तुत कर कार्यक्रम में ऊर्जा भर दी।

मनोरंजन और व्यंजन- औपचारिक सत्र के बाद सदस्यों ने 'हाउजी' और 'साउथ इंडियन डिश' आधारित गेम्स का आनंद लिया। गेम में मुख्य अतिथि डॉ. स्वाति जैन प्रथम और डॉ. मीरा जैन द्वितीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का सफल संचालन उषा सिकरवार ने किया।

पौधरोपण का संदेश और सेवा की चर्चा

क्लब की अध्यक्ष गीता शर्मा ने सभी आगंतुकों का पुष्पहारों से आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर क्लब की आगामी सेवा योजनाओं पर चर्चा करते हुए 'टीन शेड' को पुनः लगवाने का प्रस्ताव रखा गया। चार्टर डे की स्मृति में सभी चार्टर सदस्यों को पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। इस पहल के माध्यम से जीवन में हरियाली और स्वच्छ हवा के महत्व का संदेश दिया गया।

इनका कहना है...

क्लब द्वारा सामाजिक कार्यों, विशेषकर टीन शेड जैसे प्रोजेक्ट्स पर ध्यान देना समाज के प्रति उनकी संवेदनशीलता को दर्शाता है। इस ऊर्जावान समूह का हिस्सा बनकर मुझे बेहद खुशी हुई।

-डॉ. स्वाति जैन मुख्य अतिथि एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ

आज हमने न केवल पुरानी यादें ताजा कीं, बल्कि भविष्य की सेवा योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया। हमारा जोर इस बार सेवा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण पर है,

गीता शर्मा अध्यक्ष, लीनेस क्लब ग्वालियर मेन

आम सूचना

आप जन साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार AU SMALL FINANCE BANK, CITY CENTRE BRANCH, GWALIOR के द्वारा उक्त वर्णित अचल संपत्ति स्थित राजाबाक्षर की गोठ, दौलतगंज, ग्वालियर, वार्ड क्र. 46 तहसील एवं जिला ग्वालियर, जिसका कुल क्षेत्रफल 476.28 वर्गफुट है। जिसकी चतुरसीमा निम्न प्रकार है- पूर्व में- बाबूलाल चौरसिया का घर, पश्चिम में- हीरालाल स्वर्णकार का घर, उत्तर में- गली, दक्षिण में- गंगाराम सोनी का घर, श्री प्रमोद कुमार कोनहेरकर पुत्र श्री विनायक राव कोनहेरकर निवासी- राजबाक्षर की गोठ, दौलतगंज, लश्कर, जिला ग्वालियर के स्वत्व, स्वामित्व की संपत्ति है। यहकि, उक्त वर्णित संपत्ति का भाग श्री प्रमोद कुमार कोनहेरकर को दिनांकः 19-12-1966 को पंजीकृत वसीयत क्र. 109 के जरिए श्रीमती राधाबाई पत्नी श्री दामोदर दास प्राप्त हुई थी एवं उक्त वर्णित संपत्ति श्रीमती राधा बाई को अपने पति श्री दामोदर दास की मृत्यु के पश्चात बतौर उत्तराधिकारी प्राप्त हुई थी तथा श्री दामोदर दास ने उक्त वर्णित संपत्ति दिनांकः 17-01-1994 को जरिए पंजीकृत विक्रय पत्र क्र. 505 से श्रीमती पार्वती बाई पत्नी श्री हनुमंत राव शिंदे निवासीः लश्कर ग्वालियर, से क्रय कर प्राप्त की थी। यहकि, उक्त वर्णित संपत्ति का भाग जिसका कुल क्षेत्रफल 474 वर्गफुट, जिसका भवन क्र. 644/46 है श्री प्रमोद कोनहेरकर को दिनांकः 19-02-1997 को पंजीकृत वसीयत क्रमांकः 378 के जरिए श्रीमती विमल कोनहेरकर पत्नी श्री विनायक राव कोनहेरकर निवासी- राजाबाक्षर की गोठ, दौलतगंज, लश्कर, ग्वालियर, से प्राप्त हुई थी एवं श्रीमती विमल कोनहेरकर को उक्त संपत्ति अपने पति श्री विनायक राव कोनहेरकर की मृत्यु के पश्चात बतौर उत्तराधिकारी प्राप्त हुई थी. एवं श्री विनायक राव कोनहेरकर को उक्त संपत्ति जरिए पंजीकृत विक्रय पत्र क्र. 388/28 दिनांक 02-07-1958 को श्रीमती राधा बाई से क्रय कर प्राप्त की थी एवं श्रीमती राधा बाई को उक्त संपत्ति अपने पति श्री दामोदर दास की मृत्यु के पश्चात बतौर उत्तराधिकारी प्राप्त हुई थी तथा श्री दामोदर दास ने उक्त वर्णित संपत्ति दिनांकः 17-01-1994 को जरिए पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांकः 505/2000 से श्रीमती पार्वती बाई से क्रय कर प्राप्त की थी। अतः जिस किसी भी व्यक्ति को श्री प्रमोद कुमार कोनहेरकर के स्वत्व, स्वामित्व पर हस्तक्षेप हो या श्री दामोदर दास एवं श्रीमती राधा बाई एवं श्री विनायकराव एवं श्रीमती विमल कोनहेरकर का उत्तराधिकारी होने का दावा करता हो तो आज दिनांक 01-05-2026 से 7 दिन में स्वयं मेरे कार्यालय अथवा AU SMALL FINANCE BANK, CITY CENTRE BRANCH पर उपस्थित होकर अपना हस्तक्षेप या दावा दर्ज करावे, उक्त मियाद पश्चात उक्त वर्णित संपत्ति उपरोक्त वर्णित बैंक में साम्य बंधकीत की जावेगी सो सूचित हो, तत्पश्चात आपका हस्तक्षेप या दावा अस्वीकार्य एवं अमान्य होगा। दिनांक 30.04.2026

प्रेषक- **संस्कार शर्मा** (अधिवक्ता)
म.प्र. उच्च न्यायालय
कार्या.- 5-8 सतीश निवास अशोक कॉलोनी खासगी बाज़ार लश्कर, ग्वालियर मो. 9074602044

NAME CHANGE

I, DEEPIKA MAKHIJA W/O MR. RAVI DHINGRA. Here by Declare That I have changed My Name as **SAHAJ DHINGRA** so, from now and In future I will be known by my new name- **SAHAJ DHINGRA.**

PRESENT ADDRESS-62, HELIPAD COLONY, NEAR ACHLESHWAR MANDIR GWALIOR, (M.P.) 474001

आम सूचना (नाम परिवर्तन सूचना)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा विवाह पूर्व नाम **'सोनम शर्मा'** था। मेरा विवाह श्री **'दीपक मिश्रा'** के साथ संपन्न हुआ है। विवाह के पश्चात अब मेरा नया नाम **'सोनम मिश्रा'** हो गया है। भविष्य में मुझे मेरे इसी नए नाम **'सोनम मिश्रा'** पत्नी **श्री 'दीपक मिश्रा'** के रूप में लिखा, पड़ा और संबोधित किया जाए और संबोधित किया जाए।

सूचनाकर्ता
नया नाम: सोनम मिश्रा
पति का नाम: दीपक मिश्रा
पता: दीनदयाल नगर, ग्वालियर

CHANGE OF NAME & DOB

I, Army Service No. JC-859997Y, Rank- NB SUB Name- MANOJ KUMAR SOAMI Residing at Poling, Bageshwar, Uttrora, State- Uttarakhand, Pin- 263632 have changed my Mother's Name from **KHAGOTHI DEVI** to **KHAGAUTI DEVI** Date of Birth from **01/07/1957** to **01/01/1951** due to mismatch in my Army Service Record.

Vide Affidavit No. BX 198848 Dated 28/04/2026 before High Court, Gwalior M.P.

आजीवन कारावास की सजा काट रहा बंदी पैरोल जंप कर फरार

ग्वालियर 30 अप्रैल. केन्द्रीय जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा एक बंदी पैरोल की अवधि समाप्त होने के बाद भी जेल नहीं लौटा। बंदी के फरार होने की जानकारी मिलने पर जेल प्रशासन ने बहोड़ापुर थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। बहोड़ापुर थाना पुलिस के अनुसार, फरार बंदी कमल सिंह (पुत्र गुलाब सिंह, उम्र 63 वर्ष) गुना का रहने वाला है और वह आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। जेल मुख्यालय के आदेश पर बंदी को 13 अप्रैल को 16 दिन की पैरोल पर छोड़ा गया था। उसकी जमानत गुना निवासी गिरजाशंकर ने दी थी। पैरोल की अवधि पूरी होने8 के बाद भी जब बंदी वापस जेल नहीं लौटा, तो जेल प्रहरी गजेन्द्र सिंह ने बहोड़ापुर थाने में शिकायत दर्ज कराई। आलोक सिंह परिहारस थाना प्रभारी बहोड़ापुर ने बताया कि फरार बंदी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम उसकी तलाश में जुटी हुई है.

आम सूचना

श्री ओमप्रकाश जाटव पुत्र श्री किशोरी लाल जाटव के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र.29, स्थित ग्राम पुरानी छावनी, तहसील एवं जिला ग्वालियर (म.प्र.) में है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.64 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.974 ग्राम पुरानी छावनी का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1220 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में भूखण्ड क्र.30, पश्चिम में रास्ता 20 फुट चौड़ा, उत्तर में भूखण्ड क्र. 28 एवं दक्षिण में रास्ता 22 फुट चौड़ा है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्रीमती रामबेटी पत्नी स्व. श्री पूरन सिंह, श्री प्रीतम सिंह, श्री लाखन सिंह, श्री मलखान सिंह, श्री चंदन सिंह पुत्रगण स्व. श्री पूरन सिंह, शीला बाई, राजकुमारी पुत्रियां स्व. श्री पूरन सिंह, मुन्नी पुत्री स्व. श्री चतुरी, श्रीमती हरवो पत्नी स्व. श्री चतुरी के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्रीमती रामवेटी, श्री प्रीतम सिंह, श्री लाखन सिंह, श्री मलखान सिंह, श्री चंदन सिंह, शीला बाई, राजकुमारी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री ओमप्रकाश जाटव पुत्र श्री किशोरीलाल जाटव को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 142602018ए1410023 दिनांक 12.06.2018 से विक्रय की गई। श्री ओमप्रकाश जाटव द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती भारती पत्नी श्री नंद किशोर के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती भारती द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 14 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हों।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

अनियमितता करने पर विनियमित कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त, कार्य में लापरवाही करने पर अनेक कर्मचारी को नोटिस

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 30 अप्रैल. जांच में अनियमितता की शिकायत सही पाये जाने पर विनियमित सफाई कर्मी एवं तत्कालीन वार्ड हेल्थ ऑफिसर वार्ड क्र 20 श्री अनिल छात्रे की सेवा समाप्ति के आदेश आयुक्त श्री संघ प्रिय द्वारा किये गए ।

यह जानकारी मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव ने देते हुए बताया कि इसके साथ ही लंबे समय से बिना सूचना के अनुपस्थित नियमित सफाई कर्मी श्री नरेश /श्री रामदयाल वार्ड 04 , श्री सुनील /श्री सीताराम वार्ड 12, श्री सोनू/श्री कल्लू वार्ड 14, श्री कुणाल/श्री मनोज वार्ड 21, श्री रजत/श्री ओमकार वार्ड21, श्री विनोद /श्री प्रकाश वार्ड 52 , श्री मनोज /श्री नत्थन वार्ड 55 की जांच संस्थित की गई। वही लंबे समय से कार्य पर अनुपस्थित वार्ड 06 के आउटसोर्स सफाई श्रमिक श्री लक्ष्मण /श्री राजू एवं वार्ड 60 के श्री सोनू /श्री रमेश की सेवा समाप्त कर आउटसोर्स एजेंसी को वापिस की गई। साथ ही लंबे समय से बिना सूचना के अनुपस्थित विनियमित सफाई कर्मियों श्री पवन/श्री रज्जन वार्ड 64 को सेवा समाप्ति नोटिस जारी किया गया । साथ ही सफाई कार्य में लापरवाही करने वाले वार्ड 27 के 4 सफाई कर्मियों , वार्ड 29 के 4 सफाई कर्मियों , वार्ड 40 के 3 सफाई कर्मियों , वार्ड 55 के 3 सफाई कर्मियों का 5 दिवस का वेतन कटौत्रा किया गया । कारण बताओ नोटिस का नहीं दिया था जवाब ।

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 16 वार्ड क्रं. 35, भवन क्रं. .., स्थान: बावन पायगा नई सड़क पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती रूबी सविता / श्री पवन सविता के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 2000108559 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 394 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्र. **R-20082501217499** दिनांक 20.08.2025 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र जीवाजीगंज क्षे.क्रं. 16 पर दिनांक 23.04.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य. क्रं. 81/2010/39006/61195/ प्र.क्रं.*3/11 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
विक्की खान / श्री महमूद खान
पता: बावन पायगा नई सड़क, वार्ड-35
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 30-04-2026

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 16 वार्ड क्रं. 41, भवन क्रं. 454/2, स्थान: मेंहदी वाली गली पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती श्याम सुन्दर अग्रवाल / स्व. श्री दीनानाथ अग्रवाल के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000314246 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1910 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड वसीयत-पत्र क्र. **A3203864** दिनांक 26.02.2022 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन मेरे द्वारा ऑनलाईन आज दिनांक 16.04.2026 को किया गया है जिसका आवेदन क्रं. PT-58814 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
सौरभ अग्रवाल / श्री श्याम सुन्दर अग्रवाल
पता: मेंहदी वाली गली, वार्ड-41
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 30-04-2026

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 16 वार्ड क्रं. 35, भवन क्रं. 217, स्थान: बावन पायगा तेली की बजरिया पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती नूरजहाँ उस्मानी / श्री नियामत खान, नियामत खान / श्री नन्ने खान के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000314380 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 450 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्र. **A100542684** दिनांक 30.06.2025 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र जीवाजीगंज क्षे.क्रं. 16 पर दिनांक 28.04.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य. क्रं. 81/2010/39023/61212/ प्र.क्रं.*3/11 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
वन्दना माथुर पत्नी सुनील कुमार माथुर
पता: बावन पायगा तेली की बजरिया, वार्ड-35
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 30-04-2026

MOIL LIMITED

(A Government of India Enterprise)
MOIL BHAWAN, 1-A, KATOL ROAD, NAGPUR - 440 013
Website: www.moil.nic.in, E-mail: compliance@moil.nic.in
Telefax: 0712-2591661, CIN: L99999MH1962GOI012398

Extracts of audited financial results for the quarter and year ended 31st March, 2026

(₹ in lakhs)

Sr. No.	Particulars	Quarter ended 31.03.2026 Audited	Quarter ended 31.03.2025 Audited	Year ended 31.03.2026 Audited	Year ended 31.03.2025 Audited
1.	Total income from operations	44449.08	43339.02	147283.82	158494.09
2.	Net Profit/(loss) for the period (before tax, exceptional and/or extraordinary items)	11435.24	12523.54	33784.01	48678.21
3.	Net Profit/(loss) for the period before tax (after exceptional and/or extraordinary items)	11435.24	12523.54	33784.01	48678.21
4.	Net Profit/(loss) for the period after tax (after exceptional and/or extraordinary items)	9261.30	11565.09	26747.97	38163.71
5.	Total comprehensive income for the period [comprising profit/(loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)]	6435.63	5253.24	21256.84	31851.56
6.	Equity share capital (Face value of ₹10 each)	20348.52	20348.52	20348.52	20348.52
7.	Reserve (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Balance Sheet	250576.29	243441.32	250576.29	243441.32
8.	Earnings per share from continuing operations (Face value of ₹10 each)				
	Basic	4.55	5.68	13.14	18.76
	Diluted	4.55	5.68	13.14	18.76

Notes:

1. The above results, reviewed by the Audit Committee, have been approved by the Board of Directors in its meeting held on 29th April, 2026 and have been reviewed by Statutory Auditors of the company. This statement has been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (Ind AS) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognised accounting practices and policies to the extent applicable.
2. The above is an extract of the detailed format of financial results for the quarter and year ended 31st March, 2026 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. Financial results in detailed format are available on the websites of Stock Exchanges (**www.bseindia.com** and **www.nseindia.com**) and on the Company's website (**www.moil.nic.in**).
3. MOIL has no subsidiary/associate/joint venture company as on 31st March, 2026.
4. Previous period's figures have been regrouped/reclassifed, wherever necessary to make them comparable. The figures for the quarter ended 31st March, 2026/2025 are balancing figures between the audited figures of full year and reviewed figures upto 31st December, 2025/2024.

Scan QR Code for detailed Results

Place: Nagpur
Date : 29th April, 2026

For MOIL Limited
Sd/-
Vishwanath Suresh
Chairman-cum-Managing Director
DIN : 10059734

हर एक काम, देश के नाम ▪ MOIL - Adding Strength to Steel